लखनऊ मंडल की मेकेनिकल शाखा में चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों की नियुक्ति

1822. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय** : क्या **परिवहन** मंत्री 14 अगस्त, 1985 को राज्य सभा में अतारांकित प्रश्न 2031 के दिए गए उत्तर को देखेंगे और यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल की मेकेनिकल शाखा (लोको) में चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों की नियुक्ति के लिए जो पैनल बनाया गया था उसके शेष 207 उम्मीदवारों के सेवा अभिलेखों का सत्यापन कब तक पूरा हो जाने की संभावना है; और

(ख) इस कार्य के पूरा होने में विलम्ब के क्या कारण हैं ?

रेल विभाग में राज्य मंत्री (श्री माधवराव सिन्धिया) : (क) और (ख) सूचना एकत्र की जा रही है और वह सभा पटल पर रख दी जायेगी ।

हृदय की बाई पास शल्य क्रिया

1823. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय** क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश में हृदय की बाई-पास शल्य-क्रिया पर औसत कितना खर्च होता है;

(ख) सरकार खर्च को घटाने के लिए क्या कार्यवाही करने का विचार रखती है; और

(ग) क्या सरकार इस प्रकार की शल्य क्रिया करवाने वाले मरीजों को आर्थिक सहायता प्रदान करने की किसी योजना को शुरू करने का विचार रखती है ?

परिवार कल्याण विभाग में उप मंत्री (श्री कृष्ण कुमार) : (क) देश में हृदय की बाई पास शल्य क्रिया पर होने वाले खर्च में भिन्नता है, जहाँ अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली में इसके लिए 20,000 रुपये लिये जाते हैं वहां अपोलो अस्पताल, मद्रास में 40,000 रुपये लिए जाते हैं ।

(ख) इस समय खर्च में कमी लाना संभव नहीं है क्योंकि फिर से इस्तेमाल में न लाया जा सकने वाला शल्य क्रिया संबंधी सामान आयात किया जाता है ।

(ग) इस समय ऐसे किसी प्रस्ताव पर विचार नहीं किया जा रहा है ।

Purchase of Dauphlin helicopters

1824. SHRI RAMANAND YADAV: Will the Minister of TRANSPORT be pleased to state:

(a) whether Government have decided to purchase 27 French Dauphlin helicopters for the use of the Oil and Natural Gas Commission; and

(b) if so, what are the terms and conditions of the whole deal?

THE MINISTER OF STATE IN THE DEPARTMENT OF CIVIL AVIATION (SHRI JAGDISH TYTLER): (a) and (b) No final decision has been taken yet. However, a Letter of Intent has been issued to M/s. Aerospatiale of France for purchase of 27 helicopters.

Electrification of the Arakonam-Jolarpettain rail track

1825. SHRI L. GANESAN:
SHRI V. GOPALSAMY:

Will the Minister of TRANSPORT be pleased to state:

(a) how much amount was allocated for electrification of the Arakonam-Jolarpettain rail track during the current year;

(b) what is the distance and how much of its has already been electrified;

(c) by when the whole track is expected to be electrified;

(d) whether the electric sub-stations at Valathoor, Tirupatter and Thiruvalam are ready for the purpose, if not, what are the reasons therefor; and

(e) by when these are likely to be commissioned?